to phīr vo kahā bhāg jāyā karenge

unho ne chuḍāye the gaj ke vo bandhan
vahī mere sankaṭ mīṭāyā karenge

unho ne nacāye the brahmāṇḍ sāre
magar ab unhe ham nacāyā karenge

bhajenge jahā prem se nand nandan
kanhaiyā chabī ko dīkhāyā karenge

kanhaiyā kanhaiyā pukārā karenge
latāo me braj kī gujārā karenge

# 31 मेरे तो गिरधर . . .

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई ।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई ॥

शंख,चक्र गदा पदम, कंठ माला सोही ।
भक्ति देख राजी हुई, जगति देख रोई ॥

तात, मात, बंधु, सखा अपना नहीं कोई ।
छोड दूनी कुल की लाज, क्या करेगा कोई ॥

अंसुवन जल सींच-सींच, प्रेम बेल बोई ।
संतन डिग बैठ-बैठ लोक लाज खोई ॥

अब तो बेल फैल गई, आनन्द फल होई ।
दासि मीरा, लाल गिरधर तारो अब मोही ॥

मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई ।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई ॥

# 31 mere to gīrdhar ...

mere to gīrdhar gopāl dūsaro na koī |
jāke sar mor muku ṭ mero patī soī ||

śankh, cakr gadā padam, kanṭh mālā sohī |
bhaktī dekh rājī huī, jagat dekh roī ||

tāat, māat, bandhu, sakhā apnā nahī koī |
chor dūnī ku l kī lāj, kyā karegā koī ||

asuvan jal seenc-seenc, prem bel boī |
santan ḍīg baiṭh-baiṭh lok lāj khoī ||

ab to bel phail gaī, ānand phal hoī |
dāsī mīrā, lāl gīrdhar tāro ab mohī ||

mere to gīrdhar gopāl dūsaro na koī |
jāke sar mor muku ṭ mero patī soī ||

# 32 श्याम पिया मोरी . . .

श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया

रंग दे चुनरिया ऽऽऽ. . रंग दे चुनरिया

ऐसी रंग दे के रंग नाही छूटे
धोबिया धोये चाहे सारी उमरिया
श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया

लाल ना रंगाऊँ मैं, हरी ना रंगाऊँ,
अपने ही रंग में रंग दे चुनरिया
श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया

बिना रंगाये मैं तो घर ना ही जाऊँगी,
बीत जाये चाहे सारी उमरिया
श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया

मीरा के प्रभु गिरधर नागर,
प्रभु चरणन मे लागी नजरिया
श्याम पिया मोरी रंग दे चुनरिया

# 32 śyām pīyā morī ...

śyām pīyā morī rang de cunarīyā

rang de cunarīyā āāā... rang de cunarīyā

aisī rang de ke rang nāhī chuṭe
dhobīyā dhoye cāhe sārī umarīyā
śyām pīyā morī rang de cunarīyā

lāl nā rangāū mai, harī nā rangāū
apne hī rang me rang de cunarīyā
śyām pīyā morī rang de cunarīyā

bīnā rangāye mai to ghar nāhī jāūngī
bīt hī jāye cāhe sārī umarīyā
śyām pīyā morī rang de cunarīyā

mīrā ke prabhu gīrdhar nāgar
prabhu caraṇan me lāgī najarīyā
śyām pīyā morī ranga de cunarīyā

# 33 ऐसी लागी लगन...

ऐसी लागी लगन, मीरा हो गई मगन ।
वो तो गली-गली हरि गुण गाने लगी ॥ ऐसी लागी...

महलों पली बन के जोगन चली ।
मीरा रानी दिवानी कहाने लगी ॥ ऐसी लागी...

कोई रोके नहीं, कोई टोके नहीं ।
मीरा गोविन्द गोपाल गाने लगी ॥ ऐसी लागी...

बैठी सन्तों के संग, रंगी मोहन के रंग ।
मीरा प्रेमी प्रीतम को मनाने लगी ।
वो तो गली-गली हरी गुण गाने लगी ॥ ऐसी लागी...

राणा ने विष दिया मानो अमृत पिया ।
मीरा सागर में सरिता समाने लगी ॥ ऐसी लागी...

दुख लाखों सहे, मुख से गोविन्द कहे ।
मीरा गोविन्द गोपाल गाने लगी ।
वो तो गली-गली हरि गुण गाने लगी ॥ ऐसी लागी लगन...

# 33 aisī lāgī lagan…

aisī lāgī lagan, mīrā ho gaī magan |
vo to galī-galī harī guṇ gāne lagī || aisī lāgī…

mahalo me palī ban ke jogan calī |
mīrā rānī dīvānī kahāne lagī || aisī lāgī…

koī roke nahī, koī ṭoke nahī |
mīrā govīnd gopāl gāne lagī || aisī lāgī…

baiṭhī santo ke sang, rangī mohan ke rang |
mīrā premī prītam ko manāne lagī |
vo to galī-galī harī guṇ gāne lagī || aisī lāgī…

rāṇā ne viṣ dīyā māno amṛit pīyā |
mīrā sāgar me saritā samāne lagī || aisī lāgī…

dukh lākho sahe, mukh se govīnd kahe |
mīrā govīnd gopāl gāne lagī |
vo to galī-galī harī guṇ gāne lagī || aisī lāgī lagan…

# 34 नटवर नागर...

नटवर नागर नन्दा, भजो रे मन गोविन्दा ॥

श्याम सुन्दर मुख चन्दा, भजो रे मन गोविन्दा ।
तू ही नटवर, तू ही नागर, तू ही बाल मुकुन्दा ॥ भजो रे...

सब देवन में कृष्ण बडे हैं, ज्यों तारों में चन्दा ।
सब सखियन में राधाजी बडी हैं, ज्यों नदियों में गंगा ॥ भजो रे...

ध्रुव तारे, प्रहलाद उबारे,नरसिंह रुप धरन्ता ।
कालीदह में नाग जो नाथयो, फण-फण निरत करन्ता ॥ भजो रे...

वृन्दावन में रास रचायो, नाचत बाल मुकुन्दा ।
एक घडी नितहरि को भजले, छोडदे करना धंधा ॥ भजो रे...

बांके बिहारी के दरस से, कट जावे जन्म का फन्दा ।
सांवरी सूरत मेरे मन भाई, लख-लख आये अनन्दा ॥ भजो रे...

मीरा के प्रभू गिरधर नागर, काटो जन्म का फन्दा ।
भजो रे मन गोविन्दा, नटवर नागर नन्दा, भजो रे मन गोविन्दा ॥

# 34 naṭvar nāgar…

naṭavar nāgar nandā, bhajo re man govīndā ||
śyām sundar mukh candā, bhajo re man govīndā |
tū hī naṭvar, tū hī nāgar, tū hī bāl mukundā ||
bhajo re…

sab devan me kṛṣṇa baḍe hai, jyo tāro me candā |
sab sakhīyan me rādhājī baḍī hai, jyo nadīyo me gangā ||
bhajo re…

dhrav tāre, prahlād ubāre,narasī rup dharantā |
kālīdaha me nāg jo nāthayo, phaṇ-phaṇ nīrat karantā ||
bhajo re…

vṛndavan me rās racāyo, nācat bāl mukundā |
ek ghaḍī natahar ko bhajale, chorde karnā dhandhā ||
bhajo re…

bānke bīhārī ke daras se, kaṭ jāve janm kā phandā |
sāvarī sūrat mere man bhāī, lakh-lakh āye anandā ||
bhajo re…

mīrā ke prabhū gīrdhar nāgar, kāṭo janm kā phandā |
bhajo re man govīndā
naṭvar nāgar nandā, bhajo re man govīndā ||

# 35 मैँ तो गिरधर के रंग ...

मैँ तो गिरधर के रंग राती ।

जिन के पिया परदेस बसत हैं, लिख-लिख भेजत पाती।
मेरे पिया मेरे घट में बिराजे, बात करूँ दिन राती ॥ मैं तो...

और सखी मद पी-पी माती, मैं बिन पिये ही माती ।
मैं रस पींऊँ प्रेम भक्ति को,छकी रहूँ दिन राती ॥ मैं तो ...

सुरती निरती का दिवला संजोऊँ, मनसा की करलूं बाती ।
अगम घाणी से तेल कढाऊँ, बाल रही दिन राती ॥ मै तो ...

झूठा सुहाग जगत का री सजनी,होय-होय मिट जासी ।
मैँ तो हरि अविनाशी वरुंगी, जाहे काल नहीं खासी ॥ मैं तो...

पीहर रहूँ, ना सासरे,मैं तो प्रभू से नैन लगाती ।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, चरण रहूँ दिन राती ॥ मैं तो...

# 35 mai to gīrdhar ke rang ...

mai to gīrdhar ke rang rātī ।

jīnke pīyā pardes basat hai, lakh-lakh bhejat pātī ।
mere pīyā mere ghaṭ meṁ bīrāje, bāt karu dīn rātī ॥
mai to...

aur sakhī mad pī-pī mātī, mai bīn pīye hī mātī ।
mai ras pīyū prem bhakṭī ko, chakī rahū dīn rātī ॥
mai to ...

suratī nīratī kā dīvīlā sajayo, manasa kī karalū bātī ।
agam ghāṇī se tel kaḍhāūṁ, bāl rahī dīn rātī ॥
mai to ...

jhūṭhā suhāg jagat kā rī sajnī,hoy-hoy mīṭ jāsī ।
mai to harī avīnāśī varugī, jāhe kāal nahī khāsī ॥
mai to...

pīhar rahū, nā sāsare,mai to prabhū se nain lagātī ।
mīrā ke prabhu gīrdhar nāgar, caraṇ rahū dīn rātī ॥
mai to...

# 36 यशोमति मैया से . . .

यशोमति मैया से बोले नन्दलाला, राधा क्यो गोरी मै क्यों काला ।

बोली मुसकाती मेया ललन को बताया,काली अंधियारी आधी रात में तू आया ॥
लाडला कन्हैया मेरा हो ऽ ऽ ऽ लाडला कन्हैया मेरा काली कमली वाला ।
इसी लिये काला ॥ यशोमति मैया . . .

बोली मुस्काती मैया सुन मेरे प्यारे, गोरी-गोरी राधिका के नैन कजरारे ।
काले नैयनो वाली ने हो ऽ ऽ ऽ काले नैयनो वाली ने ऐसा जादू डाला ॥
इसी लिये लाला ॥ यशोमति मैया . . .

इतने में राधा प्यरी आई इतराती, मैंने ना जादू डाला बोली बलखाती ।
लाडला कन्हया तेरा हो ऽ ऽ ऽ लाडला कन्हैया तेरा जग से निराला ॥
इसी लिय काला, इसी लिय काला ॥ यशोमति मैया . . .

# 36 yaśomatī maiyā se …

yaśomatī maiyā se bole nandlālā
rādhā kyo gorī mai kyo kālā

bolī muskātī maiyā lalan ko batāyā
kālī andhīyārī ādhī, rāt me tū āyā
lāḍlā kanhaiyā merā ho ' ' '
lāḍlā kanhaiyā merā kālī kamlī vālā
isī laye kālā
yaśomatī maiyā …

bolī muskātī maiyā sun mere pyāre
gorī-gorī rādhīkā ke nain kajrāre
kāle naino vālī ne ho ' ' '
kāle naino vālī ne aisā jadū ḍālā
isī laye kālā
yaśomatī maiyā …

itne me rādhā pyarī āī itrātī
mai ne nā jādū ḍālā, bolī bal khaatī
lāḍlā kanhaīyā terā ho ' ' '
lāḍlā kanhaiyā terā jag se nīrālā
isī laya kālā
yaśomatī maiyā …

# 37 मैया मोरी मैं नहीं . . .

मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो ।

भोर भई गैयन के पाछे, मधुबन मोहि पठायो ।
चार पहर वंशीवट भटक्यो, सांझ परे घर आयो ॥ मैया मोरी . . .

मैं बालक बहियन को छोटो, छींको केहि बिधि पायो ।
ग्वाल बाल सब वैर परे हैं, बरबस मुख लपटायो ॥ मैया मोरी. . .

तू जननी मन की अति भोरी ,इनके कहे पतियायो ।
जिया तेरे कछु भेद उपजि है, जानि परायो जायो ॥ मैया मोरी. . .

यह लै अपनी लकुटि कमरिया, बहुतहि नाच नचायो ।
सूरदास तब बिहंसि यसोदा, ले उर कंठ लगायो ॥ मैया मोरी. . .

# 37 maiyā morī mai nahī …

maiyā morī mai nahī mākhan khāyo |

bhor bhaī gaiyan ke pāche, madhuban moh paṭhāyo |
cār pahar vanśīvaṭ bhaṭkyo, sānjh pare ghar āyo ||
maiyā morī …

mai bālak bahīyan ko choṭo, chīko kehī vīdhī pāyo |
gvāl bāl sab vair pare hai, barbas mukh lapaṭāyo ||
maiyā morī…

tū jananī man kī atī bhorī ,inke kahe patīyāyo |
jīyā tere kachu bhed upajī hai, jānī parāyo jāyo ||
maiyā morī…

yah lai apanī lakuṭī kamarīyā, bahutahī nāc nacāyo |
sūradās tab bahaṁsī yasodā, le ur kanṭh lagāyo ||
maiyā morī…

# 38 आज कैलाश पर ...

आज कैलाश पर बाज रहे डमरु, नाच रहे शंकर बांध पग घुंघरु ॥

ब्रह्मा भी आये, विष्णु भी आये, विष्णु के संग में नारद भी आये ।
नारद के हाथ में बाज रही वीणा, नाच रहे शंकर बाज रहे घुंघरु ॥

राम भी आये ,सीता जी भी आई, राम के संग में लक्ष्मण भी आये ।
लक्ष्मण के पैरों में बाज रहे घुंघरु, नाच रहे शंकर बांध पग घुंघरु ॥

कृष्ण भी आये, राधा जी भी आई, राधा के संग में गुपियाँ भी आई ।
गोपियों के पैरों में बाज रहे घुंघरु, नाच रहे शंकर बांध पग घुंघरु ॥

ग्वाले भी आये, गइयां भी आई, गइयों के संग में बछडे भी आये ।
बछडो के पैरों में बाज रहे घुंघरु, नाच रहे शंकर बांध पग घुंघरु ॥

आज कैलाश पर बाज रहे डमरु, नाच रहे शंकर बांध पग घुंघरु ॥

# 38 āj kailāś par ...

āj kailāś par bāj rahe ḍamru
nāc rahe śankar bāndh pag ghunghru ||

brahmā bhī āye, vīṣṇu bhī āye
vīṣṇu ke sang me nārad bhī āye |
nārad ke hāth me bāj rahī vīṇā
nāc rahe śankar bāj rahe ghunghru ||

rām bhī āye, sītā jī bhī āī
rām ke sang me lakṣmaṇ bhī āye |
lakṣmaṇ ke pairo me bāj rahe ghunghru
nāc rahe śankar bāndh pag ghunghru ||

kṛṣṇa bhī āye, rādhā jī bhī āī,
rādhā ke sang me gopīyā bhī āī |
gopīyo ke pairo me bāj rahe ghunghru
nāc rahe śankar bāndh pag ghunghru ||

gvāle bhī āye, gaiyā bhī āī
gaiyo ke sang me bachḍe bhī āye |
bachḍo ke pairo me bāj rahe ghunghru
nāc rahe śankar bāndh pag ghunghru ||

āj kailāś par bāja rahe ḍamru
nāc rahe śankar bāndh pag ghunghru ||

# 39 शिव भोला भण्डारी साधो . . .

शिव भोला भण्डारी साधो, शिव भोला भण्डारी ।
भस्मासुर ने करी तपस्या, वर दीनो त्रिपुरारी रे ॥
जिसके सिर पर हाथ लगावे, भस्म हो जाये नर-नारी रे ।
ओंम नमो शिवाया, ओम नमो शिवाया, ओम नमो शिवाया . . .

शिव के सिर पर हाथ धरण की, मन में दुष्ट विचारी रे ।
भागे फिरे चहुँ दिसा शंकर, लगा दैत्य डर भारी रे ॥ ओम नमो. . .

गिरिजा रूप धर हरि बोले, बात असुर से प्यारी रे ।
जो तू मुझको नाच दिखावे, होंहू नारी तुम्हारी रे ॥ ओम नमो. . .

नाच करत अपने सिर कर धर, भस्म भयो मति मारी रे ।
बह्मानन्द देत जोही मागें, शिव भगतन हितकारी रे ॥
शिव भोला भण्डारी साधो, शिव भोला भण्डारी ।
ओम नमो. . .

# 39 śīv bholā bhaṇḍārī sādho ...

śīv bholā bhaṇḍārī sādho, śīv bholā bhaṇḍārī |
bhasmāsur ne karī tapasyā, var dīno trīpurārī re ||

jīske sīr par hāth lagāve, bhasm ho jāye nar-nārī re |
om namo śīvāyā, om namo śīvāyā, om namo śīvāyā ...

śīv ke sīr par hāth dharaṇ kī, man me duṣṭ vīcārī re |
bhāge phīre cahu dīsā śankar, lagā daitya ḍar bhārī re ||
om namo...

gīrījā rūp dhar har bole, bāt asur se pyārī re |
jo tū mujhko nāc dīkhāve, hoū nārī tumhārī re ||
om namo...

nāc karat apne sīr kar dhar, bhasm bhayo mat mārī re |
brahmānand det johī māge, śab bhagtan hītkārī re ||
śīv bholā bhaṇḍārī sādho, śīv bholā bhaṇḍārī |
om namo...

# 40 गौरी नन्दन गजानना ...

गौरी नन्दन गजानना, गिरिजा नन्दन निरन्जना ।
पार्वति नन्दन शुभानना, पाहि प्रभो माँ प्रसन्नना ॥

हे शिव नन्दन, हे शिव नन्दन, हे शिव नन्दन पाहिमाँ ।
हे गिरिजा सुत, हे गिरिजा सुत, हे गिरिजा सुत रक्षमाँ ॥

शिवाय परमेश्वराय चन्द्रशेखराय नमः ओम ।
भवाय भव भय हराय, शिव ताण्डवाय नमः ओम ॥

चन्द्रशेखराय नमः ओम, शशि शेखराय नमः ओम ।
नमः ओम, नमः ओम, नमः ओम, नमः ओम, नमः ओम ...

शंभो पुरारे, शंकर पुरारे, शूलधर फणिवर शंकर पुरारे ॥

# 40 gaurī nandan gajānanā ...

gaurī nandan gajānanā, gīrījā nandan nīranjanā |
pārvatī nandan śubhānanā, pāhī probho mā prasannanā ||

he śīv nandan, he śīv nandan, he śīv nandan paāhīmāṁ |
he gīrījā sut, he gīrījā sut, he gīrījā sut rakṣamāṁ ||

śīvāya! parameśvarāya candraśekharāya namaḥ om |
bhavāya! bhava bhaya harāya, śīva tāṇḍavāya namaḥ om ||

candraśekharāya namaḥ om, śaśī śekharāya namaḥ om |
namaḥ om, namaḥ om, namaḥ om, namaḥ om, namaḥ om

śaṁbho purāre, śankara purāre
śūladhara phaṇavara śankara purāre ||

# 41 तू राम भजन कर प्राणी . . .

तू राम भजन कर प्राणी, तेरी दो दिन की जिन्दगानी ।

काया माया बादल छाया, मूरख मन काहे भरमाया ।
उड जायेगा सांस का पंछी, फिर क्या आनी जानी ॥ तू राम. . .

सजन स्नेही सुख के संगी,दुनिया की है चाल दुरंगी ।
नाच रहा है काल शीश पे, चेत-चेत अभिमानी ॥ तू राम. . .

जिसने राम नाम गुन गाया,उसपर पडे न दुःख की छाया ।
निर्धन का धन राम-नाम है, मैं हूँ राम दिवानी ॥ तू राम. . .

तू राम भजन कर प्राणी, तेरी दो दिन की जिन्दगानी ।
मुख बोल राम की वाणी, मनवा बोल राम की वाणी ॥ तू राम. . .

# 41 tū rām bhajan kar prāṇī ...

tū rām bhajan kar prāṇī, terī do dīn kī jīndagānī |

kāyā māyā bādali chāyā, mūrakh man kāhe bharmāyā |
uḍ jāyegā sānsar kā panchī, phīr kyā ānī jānī ||
tū rām...

sajan snehī sukh ke sangī, dunīyā kī hai cāl durangī |
nāc rahā hai kāl śīś pe, cet-cet abhīmānī ||
tū rām...

jīsne rām nām gun gāyā,us par paḍe na dukh kī chāyā |
nīrdhan kā dhan rām-nām hai, mai hu rām dīvānī ||
tū rām...

tū rām bhajan kar prāṇī, terī do dīn kī jīndagānī |
mukh bol rām kī vāṇī, manvā bol rām kī vāṇī ||
tū rām...

# 42 दाता एक राम . . .

दाता एक राम, भिखारी सारी दुनियाँ ।
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनियाँ ॥

द्वारे पे उसके आके कोई भी पुकारता ।
परम कृपा से अपनी भव से उतारता ।
ऐसे दीनानाथ पर बलिहारी सारी दुनियाँ ॥ दाता एक. . .

दो दिन का है जीवन प्राणी, करले पुकार तू ।
प्यारे प्रभू को अपने मन में निहार तू ।
बिना हरि नाम के दुखारी सारी दुनियाँ ॥ दाता एक. . .

नाम का प्रकाश जब हृदय में आयेगा ।
प्यारे श्री राम का तू दर्शन पायेगा ।
ज्योति से जिसकी है उजियारी सारी दुनियाँ ॥ दाता एक. . .

# 42 dātā ek rām ...

dātā ek rām, bhakhārī sārī dunīyā |
rām ek devtā, pujārī sārī dunīyā ||

dvāre pe uske āke koī bhī pukārtā |
param kṛpā se apnī bhav se utārtā |
aise dīnānāth par balīhārī sārī dunīyā ||
dātā eka...

do dīn kā hai jīvan prāṇī, karale pukār tū |
pyāre prabhū ko apne man me nīhār tū |
bīnā harī nām ke dukhārī sārī dunīyā ||
dātā eka...

nām kā prakāś jab hṛday me āyegā |
pyāre śrī rām kā tū darśan pāyegā |
jyotī se jīskī hai ujīyārī sārī dunīyā ||
dātā eka...

# 43 भजमन राम चरण . . .

भजमन राम चरण चित लाई ।
जिन चरणों से निकसि सुरसरी, शंकर जटा बढाई ।
जटा शंकरी नाम परयो है, त्रिभुवन तारण आई ॥ भजमन राम. . .

जिन चरणन की चरण पादुका, भरत रह्यो लवलाई ।
सोई चरण केवट धोइ लीन्हो, तब हरि नाव चढाई ।
सोई चरण सन्तन जन सेवत सदा रहत सुखदाई ॥ भजमन राम. . .

कपि सुग्रीव बन्धुगन व्याकुल तिन जय छत्र धराई ।
रिपु को अनुज विभीषण निसिचर परसत लंका पाई ।
दंडक वन प्रभू पावन कीन्हो ऋषियन त्रास मिटाई ॥ भजमन राम. . .

सोई प्रभू त्रिलोक के स्वामी कनक के मृग-संग धाई ।
शिव शंकरादिक अरु ब्रह्मादिक शेष सहस मुख गाई ।
तुलसिदास मारुति सुत की, निज मुख करत बडाई ॥ भजमन राम. . .

# 43 bhaj man rām caraṇ ...

bhaj man rām caraṇ cīt lāī ।
jīn caraṇo se nīkasī sursarī, śankar jaṭā baḍhāī ।
jaṭā śankarī nām paryo hai, trībhuvan tāraṇ āī ॥
bhaj man rām...

jīn caraṇan kī caraṇ pādukā, bharat rahyo lavalāī ।
soī caraṇ kevaṭ dhoi līnho, tab harī nāv caḍhāī ।
soī caraṇ santan jan sevat sadā rahat sukhdāī ॥
bhaj man rām...
kap sugrīv bandhugan vyākul tīn jay chatr dharāī ।
rīpu ko anuj vībhīṣaṇ nīsīcar parasat lankā pāī ।
danḍak van prabhū pāvan kīnho ṛīṣīyan trās mīṭāī ॥
bhaj man rām...

soī prabhū trīlok ke svāmī kanak ke mṛīg-sang dhāī ।
śīv śankarādīk aru brahmādīk śeṣ sahas mukh gāī ।
tulasīdās mārut sut kī, nīj mukh karat baḍāī ॥
bhaj man rām...

## 44 तेरा रामजी करेंगे ...

तेरा रामजी करेंगे बेडा पार, उदासी मन काहे को डरे ॥

नैया तेरी राम हवाले, लहर-लहर प्रभु आये संभाले ।

हरि आप ही उठायें तेरा भार, उदासी मन काहे को डरे ॥ तेरा रामजी...

काबू में मझधार उसी के, हाथों में पतवार उसी के ।

सहज किनारा मिल जायेगा, परम सहारा मिल जायेगा ।

डोरी सौंप के तो देख इक बार, उदासी मन काहे को डरे ॥ तेरा रामजी...

तू निर्दोष तुझे क्या डर है, पग-पग पर साथी ईश्वर है ।

जरा भावना से करियो पुकार, उदासी मन काहे को करे ।

काहे को करे, काहे को डरे, तेरा रामजी करेंगें बेडा पार ॥ तेरा रामजी...

# 44 terā rāmjī karenge ...

terā rāmjī karenge beḍā pār, udāsī man kāhe ko ḍare ||

naiya terī rām havāle, lahar-lahar prabhu āye saṁbhāle |
harī āap hī uṭhāye terā bhār, udāsī man kāhe ko ḍare ||
terā rāmjī...

kāabū me majhdhār usī ke, hātho me patvaār usī ke |
sahaj kīnārā mīl jāyegā, param sahaārā mīl jāyegā |
ḍorī soṁp ke to dekh ik bār, udāsī man kāhe ko ḍare ||
terā rāmjī...

tū nīrdoṣ tujhe kyā ḍar hai, pag-pag par sāathī īśvar hai |
jarā bhāavnā se karyo pukār, udāsī man kāhe ko kare |
kāhe ko kare, kāhe ko ḍare
terā rāmjī karenge beḍā pār ||

terā rāmjī...

# 45 जीवन की घडियाँ . . .

जीवन की घडियाँ वृथा न खो, राम जपो, राम जपो ॥

साथी बना ले राम को, मन में बैठा ले राम को ।

लम्बी चादर तान न सो, राम जपो, राम जपो ॥ जीवन की. . .

राम ही जीवन धार है, राम ही सुख का सहारा है ।

श्वासों की माला में राम पिरो, राम जपो, राम जपो ॥ जीवन की. . .

मन की गति सम्भालिये,भीक्त की आदत डालिये ।

पल-पल अपना वृथा न खो, राम जपो, राम जपो ॥ जीवन की. . .

जीवन की घडियाँ. . .

यह चोला मिला शुभ कर्म का, करने को सौदा धर्म का ।

कौडी के बदले हीरा न खो, राम जपो, राम जपो ॥

जीवन की. . .

# 45 jīvan kī ghaḍīyā ...

jīvan kī ghaḍīyā vṛīthā na kho, rām japo, rām japo ||
sāthī banā le rāma ko, man me biṭhā le rām ko |
lambī cādar tān na so, rām japo, rām japo ||
jīvan kī...

rām hī jīvan dhāra hai, rām hī sukh kā sāhara hai |
śvāso kī mālā me rām paro, rām japo, rām japo ||
jīvan kī...

man kī gatī sambhālīye,bhaktī kī ādat ḍālīye |
pal-pal apnā vṛīthā na kho, rām japo, rām japo ||
jīvan kī...

yah colā mīlā śubh karm kā, karne ko saudā dharm kā |
kauḍī ke badle hīrā na kho, rām japo, rām japo ||
jīvan kī...

# 46 मन में जग जाये . . .

मन में जग जाये जोत तिहारी, राम ऐसी करो कृपा ॥

कृपा याचक खडा द्वारे, भिक्षा दे दो राम प्यारे ।
चढी रहे नाम खुमारी, राम ऐसी करो कृपा ॥ मन में. . .

मोह माया का मिटे अंधेरा,यह जीवन हो जाये तेरा ।
गूँजे तान तुम्हारी, राम ऐसी करो कृपा ॥ मन में. . .

भव सागर में घिर गई नैय्या,तव कृपा बिन कौन खिवैय्या ।
दीजो पार उतारी, राम ऐसी करो कृपा ॥ मन में. . .

सुरती शब्द का मेल मिलदो, मेरा हृदय कमल खिला दो ।
करो भीतर उजियारा, राम ऐसी करो कृपा ॥ मन में. . .

सदा अनुग्रह तेरा माँगूं, तव कृपा से भव को लाँघूं ।
मुझ को न देयो बिसारि, राम ऐसी करो कृपा ॥ मन में. . .

# 46 man me jag jāye ...

man me jag jāye jot tīhārī, rām aisī karo kṛīpā ||

kṛīpā yaacak khaḍā dvāre, bhīkṣā de do rām pyāre |
caḍhī rahe nām khumārī, rām aisī karo kṛīpā ||
man me...

moh māyā kā mīṭe andherā, yah jīvan ho jāye terā |
gūnje tān tumhārī, rām aisī karo kṛīpā ||
man me...

bhav sāgar me ghīr gaī naiyā, tav kṛīpā bīn kaun khīvaiyā |
dījo pār utārī, rām aisī karo kṛīpā ||
man me...

suratī śabd kā mel mīlado, merā hṛīday kamal khīlā do |
karo bhītar ujīyārā, rām aisī karo kṛīpā ||
man me...

sadā anugrah terā māngū, tav kṛīpā se bhav ko lānghū |
mujh ko na dīyo bīsārī, rām aisī karo kṛīpā ||
man me...

# 47 ये विनती है पल-पल ...

मिलता है सच्चा सुख केवल, भगवान तुम्हारे चरणो में ।
ये विनती है पल-पल क्षन-क्षन, रहे ध्यान तुम्हारे चरणो में ।
श्रीराम तुम्हारे चरणो में, रहे ध्यान तुम्हारे चरणो में ॥

होठों पे तुम्हारा नाम रहे, सुमिरन ये सुबह और शाम रहे ।
दिन रात यही मेरा काम रहे, रहे ध्यान तुम्हारे चरणो में ॥ श्रीराम...

चाहे संकट ने घेरा हो, और चारों ओर अंधेरा हो । श्रीराम...

चाहे काँटो पर भी चलना हो, चाहे ज्वाला में भी जलना हो ।
चाहे छोड के देश निकलना हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणो में ॥ श्रीराम...

चाहे बैरी सब संसार बने, मेरा जीवन तुझ पर भार बने ।
चाहे मृत्यु गले का हार बने, रहे ध्यान तुम्हारे चरणो में ॥ श्रीराम...

# 47 ye vīntī hai pal-pal ...

mīltā hai saccā sukh keval, bhagvān tumhāre caraṇo me ।
ye vīntī hai pal-pal kṣan-kṣan, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ।
śrī rām tumhāre caraṇo me, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥

hoṭho pe tumhārā nām rahe, sumīran ye subaha aur śām rahe ।
dīn rāt yahī merā kām rahe, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥
śrī rām tumhāre caraṇo me, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥

cāhe sankaṭ ne mujhe gherā ho, aur cāro or andherā ho ।
par cītt na ḍag-mag merā ho, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥
śrī rām tumhāre caraṇo me, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥

cāhe kānṭo par bhī calnā ho, cāhe jvālā me bhī jalnā ho ।
cāhe chor ke deś nīkalnā ho, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥
śrī rām tumhāre caraṇo me, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥

cāhe bairī sab sansār bane, mera jīvan tujh par bhār bane ।
cāhe mṛityu gale kā hār bane, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥
śrī rām tumhāre caraṇo me, rahe dhyān tumhāre caraṇo me ॥

# 48 करके स्वीकार प्रभो . . .

करके स्वीकार प्रभो, मेरा गीत अमर कर दो ।
बन जाओ मेरे मीत, ये प्रीति अमर कर दो ॥

इस महिमा के जग में, हैं लाखों यहाँ बन्धन ।
थक हार गया हूँ मैं सह करके उत्पीडन ।
आया हूँ द्वार तेरे, मेरी जीत अमर कर दो ॥

मन रुपी वीणा के सब तारे टूट गये ।
जो आशा थी इनसे वो आशा छुट गई ।
झंकृत करके इनको, संगीत अमर कर दो ॥

जग ने छीना मुझसे, मुझे जो भी लगा प्यारा ।
सब जीते ही मुझ से, मैं हर दम ही हारा ।
दर्शन देकर प्रभू अब, मेरी दृष्टि अमर कर दो ॥

संगीत अमर कर दो, मेरा गीत अमर कर दो ।
करके स्वीकार प्रभो, मेरा गीत अमर कर दो ॥

# 48 karke svīkār prabho ...

karke svīkār prabho, merā gīt amar kar do |
ban jāo mere mīt, ye prīt amar kar do ||

is mahīmā ke jag me, hai lākho yahā bandhan |
thak hār gayā hū mai sah karke utpīḍan |
āyā hū dvār tere, merī jīt amar kar do ||

man rupī vīṇā ke sab tare ṭūṭ gaye |
jo āśā thī inse vo āśā chuṭ gaī |
jhakṛunt karke inko, sangīt amar kar do ||

jag ne chīnā mujhse, mujhe jo bhī lagā pyārā |
sab jīte hī mujh se, mai har dam hī hārā |
darśan dekar prabhū ab, merī dṛiṣṭī amar kar do ||

sangīt amar kar do, merā gīt amar kar do |
karke svīkār prabho, merā gīt amar kar do ||

# 49 इतना तो करना . . .

इतना तो करना स्वामी, जब प्राण तनसे निकलें ।
गोविन्द नाम लेकर, फिर प्राण तनसे निकलें ॥ इतना तो करना . . .

श्री गंगाजी का तट हो, यमुना का वंशी-बट हो ।
मेरा सांवरा निकट हो, जब प्राण तन से निकले ॥ इतना तो करना . . .

श्री वृन्दावन का थल हो, मेरे मुख में तुलसी दल हो ।
विष्णु-चरण का जल हो, जब प्राण तन से निकलें ॥ इतना तो करना . . .

सन्मुख सांवरा खडा हो, मुरली का स्वर भरा हो ।
तिरछा चरण धरा हो, जब प्राण तन से निकलें ॥ इतना तो करना . . .

सिर पे सुहाना मुकट हो, मुखडे पे काली लट हो ।
यही ध्यान मेरे घट हो, जब प्राण तन से निकलें ॥ इतना तो करना . . .

केसर तिलक हो आला, मुख चन्द्र-सा उजाला ।
डालूँ गले में माला, जब प्राण तन से निकलें ॥ इतना तो करना . . .

पीताम्बरी कसी हो, होठों पे कुछ हंसी हो ।
छवि यही मन में बसी हो, जब प्राण तन से निकलें ॥ इतना तो करना . . .

पग धो तृष्णा मिटाऊँ, तुलसी का पत्र पाऊँ ।
सिर चरण-रज लगाऊँ, जब प्राण तन दे निकलें ॥ इतना तो करना . . .

# 49 itnā to karnā ...

itnā to karnā svāmī, jab prāṇ tanse nīkale |
govīnd nām lekar, phīr prāṇ tanse nīkale || itnā to ...

śrī gangājī kā taṭ ho, yamunā kā vanśī-baṭ ho |
merā sāvarā nīkaṭ ho, jab prāṇ tan se nīkale || itnā to..

śrī vṛīndāvan kā thal ho, mere mukh me tulsī dal ho |
vīṣṇu-caraṇ kā jal ho, jab prāṇ tan se nīkale || itnā to ..

sanmukh sāvarā khaḍā ho, muralī kā svar bharā ho |
tīrachā caraṇ dharā ho, jab prāṇ tan se nīkale || itnā to ..

sar pe suhānā mukuṭ ho, mukhḍe pe kālī laṭ ho |
yahī dhyān mere ghaṭ ho, jab prāṇ tan se nīkale || itanā to.

kesar tīlak ho ālā, mukh candra-sā ujālā |
ḍālū gale me mālā, jab prāṇ tan se nīkale || itnā to ...

pītāmbarī kasī ho, hoṭho pe kuch hansī ho |
chabī yahī man me basī ho, jab prāṇ tan se nīkale || itanā to

pag dho tṛīṣṇā mīṭāū, tulsī kā patr paaū |
sīr caraṇ-raj lagāū, jab prāṇ tan se nīkale || itanā to ...

# 50 तुम बिन कौन . . .

तुम बिन कौन खबर ले, गोवरधन गिरधारी ।
क्रीट मुकुट पीताम्बर सोहे, कुण्डल की छबि न्यारी ॥

तन-मन-धन सब तुम पै वारुँ, राखो लाज हमारी ।
इन नयनों में तुम्हीं बसे हो, चरण कमल बलिहारी ॥

भिलनी के बेर बसे मन माहिं, स्वाद लिया था भारी ।
कर दिये धनवान सुदामा, तुमने गणिका तारी ॥

गौतम ऋषि की नारी अहिल्या, रजसे स्वर्ग सिधारी ।
मीरा के प्रभू गिरधर नागर, जन्म-जन्म मैं दासी तिहारी ॥

# 50 tum bīn kaun ...

tum bīn kaun khabar le, govardhan gīrdhārī |
kīrīt muku ṭ pītāmbar sohe, ku ṇḍal kī chabī nyārī ||

tan-man-dhan sab tum pai vāru, rākho lāj hamārī |
in nayano me tumhī base ho, caraṇ kamal balīhārī ||

bhīlnī ke ber base man māhī, svād līyā thā bhārī |
kar dīye dhanvān sudāmā, tumne gaṇīkā tārī ||

gautam ṛiṣī kī nārī ahīlyā, rajse svarg sīdhārī |
mīrā ke prabhū gīrdhar nāgar, janm-janm mai dāsī tīhārī ||

# 51 मैली चादर ...

मैली चादर ओढ के, कैसे द्वार तुम्हारे आऊँ ।
हे पावन परमेश्वर मेरे मन ही मन शरमाऊँ ॥

तूने मुझको जग में भेजा,दे कर निर्मल काया ।
आकर के संसार मे मैने, इस को दाग लगाया ॥
जन्म-जन्म की मैली चादर, अब कैसे दाग छुडाऊँ ।
मैली चादर ओढ के कैसे द्वार तुम्हारे आऊँ ॥

निर्मल वाणी पाकर तुझसे, नाम न तेरा गाया ।
नैन मूंद कर हे ! परमेश्वर कभी न तुझको ध्याया ॥
मन बीणा के तार जो टूटे, अब क्या गीत सुनाऊँ ।
मैली चादर ओढ के कैसे, द्वार तुम्हारे आऊँ ॥

इन पैरों से चल कर तेरे मन्दिर कभी न आया ।
जहाँ- जहाँ हो पुजा तेरी, कभी न शीश झुकाया ॥
हे हरि हर मैं हार के आया, अब क्या हार चढाऊँ ।
मैली चादर ओढ के कैसे, द्वार तुम्हारे आऊँ ॥

# 51 mailī cādar ...

mailī cādar oḍh ke, kaise dvār tumhāre āū |

he pāvan parameśvar mere man hī man śaramāū ||

tūne mujhko jag me bhejā, de kar nīrmal kāyā |

ākar ke saṁsār me maine, is ko dāg lagāyā ||

janm-janm kī mailī caadar, ab kaise dāg chuḍāū |

mailī cādar oḍh ke kaise dvār tumhāre āū ||

nīrmal vāṇī pākar tujhse, nām na terā gāyā |

nain mūnd kar he ! parameśvar kabhī na tujhko dhyāyā ||

man bīṇā ke tār jo ṭūṭe, ab kyā gīt sunāū |

mailī cādar oḍh ke kaise, dvār tumhāre āū ||

in pairo se cal kar tere mandīr kabhī na āyā |

jahā- jahā ho pujā terī, kabhī na śīṣ jhukāyā ||

he harī har mai hār ke āyā, ab kyā hār caḍhāū |

mailī cādar oḍh ke kaise, dvār tumhāre āū ||

# 52 भगवान मेरी नैया

भगवान मेरी नैया, उस पार लगा देना ।
अब तक तो निभाया है, आगे भी निभा देना ॥

दलबल के साथ, माया जो घेरे मुझे ।
तुम देखते न रहना, झट आके बचा लेना ॥

सम्भव है झंझटों में, मैं तुमको भूल जाऊँ ।
पर नाथ कहीं तुम भी, मुझको न भुला दना ॥

तुम देव-देव मैं तुच्छ पुजारी,तुम इष्टदेव मैं रहा उपासक ।
यह बात अगर सच है, तो सच करके दिखा देना ॥

भगवान मेरी नैया उस पार लगा देना ।
अब तक तो निभाया है, आगे भी निभा देना ॥

# 52 bhagvan merī naiyā

bhagvan merī naiyā, us pār lagā denā |
ab tak to nībhāyā hai, āge bhī nībhā denā ||

dalbal ke sāth, māyā jo ghere mujhe |
tum dekhte na rahnā, jhaṭ āke bacā lenā ||

sambhav hai jhajhaṭo me, mai tumko bhūla jāū |
paa nāth kahīṁ tum bhī, mujhko na bhula danā ||

tum dev-dev maiṁ tuch pujārī,tum iṣṭadev mai rahā upāsak |
yah bāt agar sac hai, to sac karke dikhā denā ||

bhagvān merī naiyā us pāra lagā denā |
ab tak to nībhāyā hai, āge bhī nībhā denā ||

# 53 तेरे पूजन को भगवान . . .

तेरे पूजन को भगवान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥

किसने जानी तेरे माया, किसने भेद तेरा है पाया ।
हारे ऋषी मुनी धर ध्यान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥ तेरे पूजन. . .

किसने देखी तेरी सूरत, कौन बनाये तेरी मूरत ।
तू है निराकार भगवान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥ तेरे पूजन. . .

यह संसार है तेरा मन्दिर, तू रमा है इसके अन्दर ।
करते नर-नारी सब ध्यान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥ तेरे पूजन. . .

तू हर गुल मो तू बुलबुल में, तू हर शाख के हर पातन में ।
तू हर दिल में मूरति मान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥ तेरे पूजन. . .

सागर तेरी शान बढावे, पर्वत तेरी शोभा गावे ।
तेरा रुप अनूप महान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥ तेरे पूजन. . .

तूने राजा रंक बनाये, तूने भिक्षुक राज बिठाये ।
तेरी लीला ईश महान, बना मन मन्दिर आलिशान ॥ तेरे पूजन. . .

झूठे जग की झूठी माया, मूरख इसमें क्यों भरमाया ।
कर कुछ जीवन का कल्याण, बना मन मन्दिर आलिशान ॥

तेरे पूजन को भगवान बना मन मन्दिर आलिशान ॥

# 53 tere pūjan ko bhagvān ...

tere pūjan ko bhagvān, banā man mandīr ālīśān ||

kīsne jānī tere māyā, kīsne bheda terā hai pāyā |
hāre ṛiṣī munī dhar dhyān, banā man mandīr ālīśān ||
tere pūjan...
kīsne dekhī terī sūrat, kaun banāye terī mūrat |
tū hai nīrākār bhagvān, banā man mandīr ālīśān ||
tere pūjan...
yah saṁsār hai terā mandīr, tū ramā hai isake andar |
karte nar-nārī sab dhyān, banā man mandīr ālīśān ||
tere pūjan...
tū har gul me tū bulbul me, tū har śākh ke har pātan me |
tū har dīl me mūratī mān, banā mana mandīra ālīśān ||
tere pūjan...
sāgar terī śān baḍhāve, parvat terī śobhā gāve |
terā rup anūp mahān, banā man mandīr ālīśān ||
tere pūjan...
tūne rājā rank banāye, tūne bhīkṣuk rāj bīṭhāye |
terī līlā īś mahān, banā man mandīr ālīśān ||
tere pūjan...
jhūṭhe jag kī jhūṭhī māyā, mūrakh isme kyo bharmāyā |
kar kuch jīvan kā kalyāṇ, banā man mandīr ālīśān ||

tere pūjan ko bhagvān banā man mandīr ālīśān ||

# 54 दुःख दूर कर हमारा...

दुःख दूर कर हमारा, संसार के रचैया ।
जल्दी से दो सहारा, मंझधार में है नैया ॥ दुःख दूर...

तुम बिन कोई हमारा, रक्षक नहीं यहां पर ।
ढूंढा जहान सारा, तुमसा नहीं रखैया ॥ दुःख दूर...

दुनियाँ में खूब देखा, आंखें पसार करके ।
साथी नहीं हमारा, माँ, बाप और भैया ॥ दुःख दूर...

सुख के सभी हैं साथी, दुनिया के मित्र सारे ।
तेरा ही नाम प्यारा, दुःख दर्द से बचावे ॥ दुःख दूर...

दुनिया में फंस के हमको, हासिल हुआ न कुछ भी ।
तेरे बिना हमारा, कोई नहीं सुनैया ॥ दुःख दूर...

चारो तरफ से हम पर, गम की घटा है छाई ।
सुख का करो उजाला, प्रकाश के करैया ॥ दुःख दूर...

अच्छा बुरा हो जैसा, राजी में राम रहता ।
चेरा है यह तुम्हारा, सुध लेवो सुध लिवैया ॥ दुःख दूर...

# 54 duḥkh dūr kar hamārā…

duḥkh dūr kar hamārā, saṁsār ke racaiyā ।
jaldī se do sahārā, manjhdhār me hai naiyā ॥

tum bīn koī hamārā, rakṣak nahī yahā par ।
ḍhūnḍhā jahān sārā, tumsā nahī rakhaiyā ॥

dunīyā me khub dekhā, ānkhe pasār karke ।
sāthī nahī hamārā, mā, bāp auer bhaiyā ॥

sukh ke sabhī hai sāthī, dunīyā ke mītr sāre ।
terā hī nām pyārā, duḥkh dard se bacāve ॥

dunīyā me phans ke hamko, hāsīl huā na kuch bhī ।
tere bīnā hamārā, koī nahī sunaiyā ॥

cāro taraph se ham par, gam kī ghaṭā hai chāī ।
sukh kā karo ujālā, prakāśa ke karaiyā ॥

acchā burā ho jaisā, rājī meṁ rām rahtā ।
cerā hai yah tumhārā, sudh levo sudh lavaiyā ॥

# 55 उठ जाग मुसाफिर

उठ जाग मुसाफिर भोर भई,अब रैन कहाँ जो सोवत है ।
जो जागत है, सो पावत है, जो सोवत है,सो खोवत है ॥

टुक नींद से अंखियाँ खोल जरा, और अपने ईश से ध्यान लगा ।
यह प्रीति करन की रीति नहीं, प्रभु जागत है तू सोवत है ॥ उठ जाग...

जो कल करना सो अज करले, जो अज करना सो अब करले ।
जब चिडियों ने चुग खेत लिया, फिर पछताये क्या होवत है ॥ उठ जाग...

नादान भुगत करनी अपनी,इस माया जाल में चैन कहाँ ।
जब पाप की गठरी सीस धरी, फिर सीस पकड क्यों रोवत है ॥

उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहाँ जो सोवत है ।
जो जागत है सो पावत है, जो सोवत है सो रोवत है ॥

# 55 uṭh jāg musāphīr

uṭh jāg musāphīr bhor bhaī, ab rain kahā jo sovat hai |
jo jāgat hai, so pāvat hai, jo sovat hai,so khovat hai ||

ṭuk nīnd se akhīyā khol jarā, aur apne eeś se dhyān lagā |
yah prītī karan kī rītī nahī, prabhu jāgat hai tū sovat hai ||
uṭh jāg musāphīr…

jo kal karna so aj karle, jo aj karnā so ab karle |
jab cīḍīyo ne cug khet līyā, phīr pachtāye kyā hovat hai ||
uṭh jāg musāphīr…

nādān bhugat karnī apnī, is māyā jāl me cain kahā |
jab pāp kī gaṭhrī sīs dharī, phīr sīs pakaḍ kyo rovat hai ||

uṭh jāg musaphīr bhor bhaī, ab rain kahā jo sovat hai |
jo jāgat hai so pāvat hai, jo sovat hai so rovat hai ||

# 56 अखियाँ हरि दर्शन...

अखियाँ हरि दर्शन की प्यासी ।
देखन चाहयो कमल नैयन को, निशि दिन रहत उदासी ॥

केसर तिलक मोातियन की माला, वृन्दावन के बासी ।
नेह लगाये त्याग गये तृन सम,डारि गयो गल फांसी ॥ अखियाँ...

पात-पात में जिनकी लीला, भक्त हृदय के बासी ।
जिनके प्रेम फन्द में फंस कर, छुटे जन्म-जन्म की फांसी ॥ अखियाँ...

काहू के मन की कोई नहीं जानत,लोग करें मेरी हांसी ।
सूरदास प्रभु तुम्हरे दरस बिनु, लेहों करवट कासी ॥ अखियाँ...

# 56 akhīya harī darśan…

akhīyā harī darśan kī pyāsī |
dekhan cāhayo kamal nayan ko, nīś dīn rahat udāsī ||

kesar tīlak motīyan kī mālā, vṛndāvan ke bāsī |
neh lagāye tyāg gaye tṛīn sam, ḍārī gayo gal phānsī ||

pāt-pāt me jan kī līlā, bhakt hṛīday ke bāsī |
jan ke prem phand me phas kar, chuṭe janm-janm kī phānsī ||

kāhū ke man kī koī nahī jānat, log kare merī hāsī |
sūrdās prabhu tumhre daras bīnu, leho karvaṭa kāsī ||

# 57 हरि भजन बिना . .

हरि भजन बिना सुख शान्ति नहीं ।
हरि नाम बिना आनन्द नहीं ॥ हरि भजन . . .

प्रेम भक्ति बिना उध्धार नहीं, गुरु सेवा बिना निर्वाण नहीं ।
जप ध्यान बिना संयोग नहीं, प्रभु दर्श बिना प्रज्ञान नहीं ॥ हरि भजन. . .

दया धर्म बिना सत्य कर्म नहीं,भगवान बिना कोई अपना नहीं ।
हरि नाम बिना परमार्थ नहीं, हरि भजन बिना सुख शान्ति नहीं ॥ हरि. . .

# 57 harī bhajan bīnā ..

harī bhajan bīnā sukh śāntī nahī |
harī nām bīnā ānand nahī || harī bhajan ...

prem bhaktī bīnā udhdhār nahī
guru sevā bīnā nīrvāṇ nahī |
jap dhyān bīnā saṁyog nahī
prabhu daraś bīnā prajñān nahī || harī bhajan...

dayā dharm bīnā saty karm nahī
bhagvān bīnā koī apnā nahī |
harī nām bīnā paramārth nahī
harī bhajan bīnā sukh śāntī nahī || harī...

# 58 खेल तुम्हारे न्यारे . . .

खेल तुम्हारे न्यारे प्रभु जी, खेल तुम्हारे न्यारे ।
कौन समझ सकता है लीला, हम मानव मति मारे ॥ प्रभु जी. . .

सुख पाकर हम भूला करते, नाम तुम्हारे प्यारे ।
लेकिन दुःख में रो-रो कहते,प्रभु तुम ही रखवारे ॥ प्रभु जी. . .

दया करो हे दाता हम पर, पग-पग पर अंगारे ।
बुझे हुये दीपक की बाती, तुम बिन कौन संवारे ॥ प्रभु जी. . .

# 58 khel tumhāre nyāre ...

khel tumhāre nyāre prabhu jī, khel tumhāre nyāre ।
kaun samajh saktā hai līlā, ham mānav mat māre ॥
prabhu jī...

sukh pākar ham bhūlā karte, nām tumhāre pyāre ।
lekīn dukh me ro-ro kahte,prabhu tum hī rakhvāre ॥
prabhu jī...

dayā karo he dātā ham par, pag-pag par angāre ।
bujhe huye dīpak kī bātī, tum bīn kaun saṁvāre ॥
prabhu jī...

# 59 माटी कहे कुम्हार से . . .

माटी कहे कुम्हार से, तू क्या रोन्धे मोहे ।
इक दिन ऐसा आयेगा, मैं रोन्धूंगी तोहे ॥

कबीरा तेरी झोंपडी, गल कटियन के पास ।
जो करेंगे सो भरेंगे, तू क्यों भया उदास ॥

मो को कहाँ ढूँडे रे बन्दे, मो तो तेरे पास ।
न मन्दिर में, न मस्जिद में, न काबे कैलाश ॥

राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट ।
अन्त काल पछतायेगा, जब प्राण जायेंगे छूट ॥

लाली मेरे लाल की, जित देखूँ तित लाल ।
लाली देखन मैं गई, मैं भी हो गई लाल ॥

पत्ता टूटा डाल से, ले गई पवन उडाए ।
अब के बिछडे न मिलें, दूर पडेगें जाए ॥

गुरु गोविन्द दोनो खडे, काके लागूँ पाए ।
बलिहारी गुरु आप की, गोिविन्द दियो मिलाए ॥

पोथी पढ-पढ जग मुआ,पंडित भया न कोय ।
ढाई अक्षर प्रेम का, पढे सो पंडित होय ॥

दुःख में सुमिरन सब करें, सुख में करे न कोय ।
जो सुख में सुमिरन करे, तो दुःख काहे को होय ॥

बडा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड खजूर ।
पंछी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर ॥

# 59 māṭī kahe kumhar se ...

māṭī kahe kumhar se, tū kyā rondhe moh |
ik dīn aisā āyegā, mai rondhūngī toh ||

kabīrā terī jhoṁpḍī, gal kaṭīyan ke pās |
jo karenge so bharenge, tū kyo bhayā udās ||

mo ko kahā ḍhūnḍe re bande, mai to tere pās |
na mandar me, na masjīd me, na kābe kailāś ||

rām nām kī lūṭ hai, lūṭ sake to lūṭ |
ant kāl pachtāyegā, jab prāṇ jāyenge chūṭ ||

lālī mere lāl kī, jīt dekhū tīt lāl |
lālī dekhan mai gaī, mai bhī ho gaī lāl ||

pattā ṭūṭā ḍāl se, le gaī pavan uḍāe |
ab ke bīchuḍe na mīle, dūr paḍenge jāee ||

guru govīnd dono khaḍe, kāke lāgū pāee |
balīhārī guru āpkī jo govīnd dīyo mīlāai ||

pothī paḍh-paḍh jag muā, panḍīt bhayā na koy |
ḍhāī akṣar prem ke, paḍhe so panḍīt hoy ||

duḥkh me sumīran sab kare, suḥkh me kare na koy |
jo sukh me sumīran kare, to dukh kāhe ko hoy ||

baḍā hua to kyā hua, jaise peḍ khajūr |
panchī ko chāyā nahī aur, phal lāge atī dūr ||

60 प्रभु बिन कौन . . .

प्रभु बिन कौन हरे दुःख मेरे ॥

आशा तृष्णा बहुत सतावे, मन पीडा से जी घबरावे ।
प्रभु बिन कौन हरे दःख मेरे ॥

तेरी माया, तेरी काया,काम, क्रोध, हठ लोभ कमाया ।
प्रभु बिन कौन हरे दःख मेरे ॥

राह दिखा दे कैसे करुँ मैं, कैसे करुँ मैं जग से किनारा ।
प्रभु बिन कौन हरे दःख मेरे ॥

राह तुम्हारी बहुत कठिन है, थक न जाऊँ दे-दे सहारा ।
प्रभु बिन कौन हरे दःख मेरे ॥

# 60 prabhu bīn kaun ...

prabhu bīn kaun hare dukh mere ||

āśā tṛiṣṇā bahut satāve, man pīḍā se jī ghabrāve |
prabhu bīna kaun hare dukh mere ||

terī māyā, terī kāyā, kām, krodh, haṭh lobh kamāyā |
prabhu bīn kaun hare dukh mere ||

rāh dīkhā de kaise karuṁ mai, kaise karu mai jagase kīnārā |
prabhu bīn kaun hare dukh mere ||

rāh tumhārī bahut kaṭhīn hai, thak na jāūṁ de-de sahārā |
prabhu bīn kaun hare dukh mere ||

# 61 नटवर नागर नन्दा . . .

नटवर नागर नन्दा, भजो रे मन गोविन्दा ।
मोर मुकुट मुख चन्दा, भजो रे मन गोविन्दा ॥

सब देवों में कृष्ण बडे हैं, जँऊँ , तारों में चन्दा । भजो रे. . .
सब सखियन में राधा बडी है, जँऊँ नदियों में गंगा । भजो रे. . .

धरती पर शेषनाग बडे हैं, वीरों में हनुमन्ता । भजो रे. . .
तुम्ही हो नटवर,तुम्ही हो नागर, तुम्ही हो भानु मुकुन्द ॥ भजो रे. . .

# 61 naṭvar nāgar nandā …

naṭavar nāgar nandā, bhajo re man govīndā |

mor mukuṭ mukh candā, bhajo re man govīndā

sab devo me kṛīṣṇ baḍe hai, jaise tāro me candā

bhajo re…

sab sakhīyan me rādhā baḍī hai, jaise nadīyo me gangā

bhajo re…

dhartī par śeṣ nāg baḍe hai, vīro me hanumantā

bhajo re…

tumhī ho naṭvar tumhī ho nāgar, tumhī ho bhānu mukunda

bhajo re…

# 62 बोलो राम...

बोलो राम, बोलो राम,बोलो राम,राम,राम ।

तुझमें राम, मुझमें राम, सब में राम समाया ।
सबसे करलो प्यार जगत में, कोई नहीं है पराया ॥ बोलो राम...

जितने हैं संसार में प्राणी, सब में है इक ज्योती ।
एक बाग के फूल हैं सारे, इक माला के मोती ।
पहचानो किस प्यार से प्रभु ने, हम सब को है बनाया ॥ बोलो राम...

एक जमी है बैठक सब की, सब पर उसकी छाया ।
दाना पानी देने वाला, एक हमारा दाता ।
पहचानो किस प्यार से प्रभु ने, इस दुनिया को रचाया ॥ बोलो राम...

ऊँच नीच और जाति-पाति के, मोह जाल को तोडो ।
अपना पराया भेद-भाव भी, अन्जानो को छोडो ।
पहचानो किस प्यार से प्रभु ने, हम सबको अपनाया ॥ बोलो राम...

# 62 bolo rām…

bolo rām, bolo rām, bolo rām, rām, rām ।

tujh me  rām, mujh me rām, sab me rām samāyā ।
sabse karlo pyār jagat me, koī nahī hai parāyā ॥
bolo rām…

jītne hai sansār me prāṇī, sab me hai ik jyotī ।
ek bāg ke phūl hai sāre, ik mālā ke motī ।
pahcāno kīs pyār se prabhu ne, ham sab ko hai banāyā ॥
bolo rām…

ek jamī hai baiṭhak sab kī, sab par uskī chāyā ।
dānā pānī dene vālā, ek hamārā dātā ।
pahcāno kīs pyār se prabhu ne, is dunīyā ko racāyā ॥
bolo rām…

ūnc neec aur jāt-pāt ke, moh jāl ko toḍo ।
apnā parāyā bhed-bhāv bhī, anjāno ko choḍo ।
pahcāno kīs pyār se prabhu ne, ham sabko apnāyā ॥
bolo rām…

# 63 शरण अपनी में रख लीजो . . .

शरण अपनी में रख लीजो, दयामय दास हूँ तेरा ।
तुझे तज कर कहाँ जाऊँ, हितु कोन और है मेरा ॥

भटकता हूँ मैं मुद्दत से, नहीं विश्राम पाता हूँ ।
दया की दृष्टि से देखो, नहीं तो डुबता बेडा ॥ शरण अपनी. . .

सताया राग द्वेषों का, तपाया तीन तापो का ।
दुखाया जन्म मृत्यु का, हुआ तंग हाल है मेरा ॥ शरण अपनी. . .

दुखो को मेटने वाला,तुम्हारा नाम सुनकर मैं ।
शरण में आ गिरा अब तो, भरोसा नाथ है तेरा ॥ शरन अपनी. . .

क्षमा अपराध कर मेरे,फकत अब आश है तेरी ।
दया अब भक्त पर करके, बना लो नाथ निज चेरा ॥ शरण अपनी. . .

# 63 śaraṇa apanī meṁ rakha lījo ...

śaraṇa apanī meṁ rakha lījo, dayāmaya dāsa hūṁ terā |

tujhe taja kara kahāṁ jāūṁ, hatu kona aura hai merā ||

bhaṭakatā hūṁ maiṁ mudadata se, nahīṁ vaśrāma pātā hūṁ |

dayā kī dṛṣṭa se dekho, nahīṁ to ḍubatā beḍā || śaraṇa apanī...

satāyā rāga dveṣoṁ kā, tapāyā tīna tāpo kā |

dukhāyā janma mṛtyu kā, huā taṁga hāla hai merā ||

śaraṇa apanī...

dukho ko meṭane vālā,tumhārā nāma sunakara maiṁ |

śaraṇa meṁ ā garā aba to, bharosā nātha hai terā || śarana apanī...

kṣamā aparādha kara mere,phakata aba āśa hai terī |

dayā aba bhakta para karake, banā lo nātha naja cerā ||
śaraṇa apanī...

# 64 शरण प्रभु की आओ

शरण प्रभु की आओ रे, यही समय है प्यारे ॥

आओ प्रभु गुण गाओ रे, यही समय है प्यारे ॥

उदय हुआ ओ३म् नाम का भनु, आओ दर्शन पाओ रे ॥ यही समय...

अमृत झरना झरता इससे, पी के अमर हो जाओ रे ॥ यही समय...

छल-कपट और द्वेष को त्यागो, सत्य में चित्त लगाओ रे ॥ यही समय...

हरि की भक्ति बिन नहीं मुक्ति, दृढ विश्वास जमाओ रे ॥ यही समय...

करलो नाम प्रभु का सुमिरन, अन्त को न पछताओ रे ॥ यही समय...

